# ISWK SHARING KNOWLEDGE

## Class VIII

## Subject- Hindi Second Language

## Topic-

# विज्ञापन


- By- Ramkewal Yadav


©ISW

# (Advertisement Making )

## विज्ञापन रचना

**यहाँ** हम विज्ञापन रचना के बारे में चर्चा करेंगे। विज्ञापन किसे कहते हैं? विज्ञापन कितने प्रकार के होते हैं? विज्ञापन के क्या कार्य हैं? विज्ञापन लिखते समय किन-किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए?

**विज्ञापन किसे कहते हैं? -** विज्ञापन शब्द वि+ज्ञापन दो शब्दों से मिलकर बनता है। 'वि' का अर्थ होता है 'विशेष' और 'ज्ञापन' का अर्थ होता है- 'सार्वजनिक सूचना'। 'विज्ञापन' ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करके वस्तु को बेचने का एक सशक्त माध्यम है।

इसके अलावा किसी अन्य विषय की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जाने वाला प्रचार भी विज्ञापन कहलाता है।

# विज्ञापन के प्रकार

वैसे तो विज्ञापन कई प्रकार के होते हैं, जैसे कि -

- वर्गीकृत विज्ञापन
- जनकल्याण संबंधी विज्ञापन
- उत्पाद संबंधी विज्ञापन

परन्तु यहाँ पर उत्पाद संबंधी विज्ञापन के बारे में हम अच्छी तरह से चर्चा करेंगे क्योंकि आपकी कक्षा के लिए यही उपयोगी है|

**उत्पाद संबंधी विज्ञापन (किसे कहते हैं?) – इस प्रकार के** विज्ञापन से जनता अथवा उपभोक्ताओं को आकर्षित करने की कोशिश की जाती है, जिससे वे उत्पादन को ज़रूर खरीद लें|इसके अंतर्गत किसी कंपनी का कोई उत्पादन हो सकता है|

जैसे- टेलीविजन,कार,घड़ी,पंखा,शैम्पू,तेल,दंतमंजन इत्यादि |

## विज्ञापन के कार्य

**विज्ञापन के निम्नलिखित कार्य हैं -**

**1. नवीन वस्तुओं और सेवाओं की सूचना देना।**

**2. विशेष छूट आदि की जानकारी देते हुए उपभोक्ता-माँग में वृद्धि करना।**

**3. वस्तु को स्वीकार करने, अपनाने और उसे खरीदने की प्रेरणा देना।**

**4. विज्ञापन अन्य उत्पाद कम्पनियों के उत्पादनों की तुलनात्मक जानकारी देता है।**

**विज्ञापन तैयार करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए -**

(1)वह आकर्षक होना चाहिए।

(2) प्रभावशाली तरीके से कम शब्दों में अपनी बात कहनी चाहिए।

(3) कोई पंक्ति ऐसी लिखनी चाहिए जो 'स्लोगन' की तरह हो और ध्यान आकर्षित करके याद रह जाने वाली हो।

(4) उसमें किसी ‘चित्र’ या 'रेखाचित्र' का प्रयोग करना चाहिए।

(5) जिस विषय के बारे में हो उसकी विशेषताओं/महत्त्व को बताने वाले हों।

(6) उसे बॉक्स में ही प्रस्तुत करें, इससे अधिक प्रभावशाली लगता है।

(7) प्रभावशाली बनाने के लिए रंगीन रंगों का प्रयोग भी किया जा सकता है।



2. लुभावने शब्द
धमाका
रक्षक हेलमेट
धमाका
1. विज्ञापित वस्तु का नाम
मज़बूत
हल्के टिकाऊ
आकर्षक रंग
एवं डिजाइन
3. वस्तु के गुणों का उल्लेख
पर 15% की छूट
4. आकर्षक चित्र
6. रियायत का उल्लेख
स्टाक सीमित
5. प्रेरक शब्द
महिलाओं के लिए विशेष हेलमेट भी उपलब्ध
आपके सिर का रखवाला **रक्षक हेलमेट**
7. तुकबंदी जैसे शब्द
**एक बार अवश्य खरीदें**
**संपर्क करें**—09810.........
8. संपर्क सूत्र

मोबाइल फ़ोन की दुनिया में धमाका

# एक्सेल 5.5

- 5" डिस्पले
- 4000 Amh बैट्री
- स्लिम बॉडी
- 13 megapixal कैमरा
- गोल्डन, ब्राउन, ब्लैक रंग
- टच स्क्रीन, रैम 2 जी.बी.

स्क्रीन गार्ड और
कवर फ्री

रु. 5000 से शुरू

प्र- टेलीविजन पर एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए|

## टेलीविजन की दुनिया में

**धमाका धमाका धमाका**

**सोनी स्मार्ट टेलीविजन**

- आकर्षक, सस्ते, विभिन्न आकार वाले
- मनोरंजन के रंग, परिवार के संग

- रु -8000 से शुरू
- दो साल की गारंटी

हर टेलीविजन के साथ
दो महीने का केबल पैकेज फ्री

**संपर्क- 00000000**

**पता- लाल बाज़ार चौक - दिल्ली**

# उत्पाद के विज्ञापनों के उदाहरण

# गृहकार्य

1-रुचिकर परिधान शो रुम' को अपने परिधानों की बिक्री बढ़ानी है। वे सभी परिधानों पर 20% की छूट दे रहे हैं। इस संबंध में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

2-'बाटा' जूते बनाने वाली कंपनी के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए ।